# सरकारी माध्यमिक विद्यालय कोनापुरपेट, ता: मानवी जि: रायचूर

## प्रथम संकलनात्मक परीक्षा-2025-26

**कक्षा : 8वीं** **विषय : तृतीय भाषा हिंदी** **कुल अंक : 40** **समय : 2:00 घंटा** **दिनांक : /09/2025**

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 4×1=4

1) 'सुबह' का विलोम शब्द है-

A) शाम B) रात C) दिन D) दोपहर

2) 'दुनिया' का समानार्थक रूप है-

A) देश B) जगत C) विदेश D) स्वदेश

3) 'गलती' शब्द का अन्यवचन रूप है-

A) गलतियाँ B) गलत C) गलती D) गलते

4) 'माली' का अन्यलिंग रुप है-

A) मालिक B) मालिन C) मालि D) मालकिन

**II.** निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :2×1=2

5) मेरा देश मेरी माँ : कहानी :: मिर्च-मसाला : _______

6) पत्र भेजनेवाला : प्रेषक :: पत्र पानेवाला : _______

**III.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 2×1=2

7) शिशु ने रो-रोकर क्या सीखा है?

8) मोबाइल का अग्रज कौन है?

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 4×2=8

9) भोलू क्यों घबरा गया?

10) शिशु ने दुनिया में आकर पहले क्या-क्या सीखा है और कैसे सीखा है ?

11) टेलीफोन ने मन-ही-मन मोबाइल के बारे में क्या कहा?

12) 'दूरदर्शन' का मतलब क्या है?

**अथवा**

बिल्ली ने चूहों से क्या कहा?

**V.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 4×3=12

13) सैनिकों को तुरंत वापस आने का आदेश अचानक क्यों दिया गया?

14) गांधीजी पर नाटकों का क्या प्रभाव पड़ा?

15) समाचार पत्र में कौन-कौन से विषय होते हैं?

16) 'बंदर बॉट' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है?

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 1×4=4

17) निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

मिलकर रहें, ______________

______________________

______________________

______________तुरत उठाएँ ।।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 1×4=4

18) सावन की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सुंदर त्योहार 'रक्षा-बंधन' का आगमन होता है। भारत में इस पवित्र त्योहार का विशेष महत्व है। यह वर्षा ऋतु का सूचक बनकर आता है। 'रक्षा-बंधन' अर्थात रक्षा का बंधन। रक्षा-बंधन देश के कोने-कोने में मनाया जाता है। सारी बहनें इस त्यौहार की साल भर प्रतीक्षा करती रहती है। वह अपने हाथों से भाइयों को राखी बांधकर मिठाई खिलाती है। इसी आनंद और हसी-खुशी के साथ यह त्यौहार संपन्न होता है।

क) रक्षाबंधन का विशेष महत्व किस देश में है?

ख) रक्षा बंधन किसका सूचक बनकर आता है?

ग) रक्षाबंधन का अर्थ क्या है?

घ) सारी बहनें किसको राखी बाँधते हैं?

**VIII. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1×4=4

19) सकारण देते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।

■■■■■